Title: Need for early completion of pending projects and gauge conversion in Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : सभापति जी, सरकार ने सारे देश में यूनिगेज सिस्टम अर्थात् एक ही गेज की सभी रेल लाइनों को ब्राडगेज में बदलने का निश्चय किया था परन्तु सरकार की नीति में बदलाव आ जाने के कारण राजस्थान में कई महत्वपूर्ण सर्वे की हुई तथा स्वीकृत ब्राडगेज परियोजनाओं को या तो छोड़ दिया गया है अथवा उन पर बहुत ही कम धनराशि रेल बजट में आबंटित की गई है। परिणामस्वरूप रेलवे की दृटि से ब्राडगेज परियोजनाओं के विस्तार और रेल लाइन बिछाने की दृटि से देश के अन्य राज्यों की तुलना में राजस्थान पिछड़ रहा है। इसका सबसे ज्यादा शिकार दक्षिणी राजस्थान को होना पड़ रहा है। आदिवासी बहुल उदयपुर संभाग रेल सेवाओं के लिहाज से आजादी के बाद से ही पिछड़ रहा है। बांसवाड़ा जिला तो रेल के दर्शन से ही वंचित है। अजमेर से भीलवाड़ा-चित्तौड़-उदयपुर मीटर गेज को ब्राडगेज में बदलने, अजमेर से पुकर स्वीकृत नयी ब्राडगेज लाइन बिछाने, रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा मीटरगेज को ब्राडगेज में बदलने तथा शेखावाटी अंचल की मीटर गेज को ब्राडगेज में परिवर्तन करन, बांदीकुई-आगरा फोर्ट को वर्ाों की प्रतीक्षा के बाद भी मीटरगेज से ब्राडगेज में परिवर्तित करने का कार्य पूरा नहीं हुआ है।

अतः भारत सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान की मीटर गेज से ब्राडगेज में परिवर्तित की जाने वाली स्वीकृत एवं लम्बित योजनाओं विशोतः अजमेर-चित्तौड़-उदयपुर तथा अजमेर-पुकर एवं बांदीकुई-आगराफोर्ट को अविलम्ब अधिक बजट प्रदान कर उन्हें शीघ्र पूरा किया जाये।